

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "पक्के मकान ने खत्म की अनिता की कच्चे घर की परेशानी"





हम सभी जानते हैं कि अपना घर एक इंसान के जीवन में क्या महत्व रखता है। घर हर व्यक्ति के जीवन की मुख्य जरूरतों में से एक है। जो आराम एक व्यक्ति को अपने घर में मिलता है, वह उसके विश्व के किसी दूसरे स्थान पर नहीं मिलता। कुछ लोगों के लिए यह एक जरूरत होता है और कुछ लोगों का सपना। आइए जानते हैं एक ऐसी महिला की कहानी, जिनके लिए यह एक प्रमुख जरूरत और सपना दोनों था, और इस सपने को कैसे सरकार की PMAY (U) योजना ने उसे पूर्ण किर दिखाया।

अनिता बाउरी नामूपाड़ा, जामताड़ा क्षेत्र की निवासी है। वह बताती हैं कि उनका जीवन शुरू से ही कच्चे मकान में गुजरा है और उनको अच्छी तरह से ज्ञात है कि कच्चे मकान की वजह से उन्हें कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बरसात के दिनों में समय से खाना, सुकून से सोना और बच्चों की पढ़ाई आदि में परेशानियों के साथ-साथ शौचालय और साफ-सफाई की भी काफी समस्या थी। शौच के लिए घर से बाहर जाना पड़ता था और इतनी परेशानियों की वजह से उनके घर पर कोई रिश्तेदार भी आने में काफी हिचकिचाते थे। पारिवारिक आमदनी इतनी नहीं थी कि वह स्वयं अपना घर बना सकें। ऐसे समय में ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी नगर पंचायत के कर्मियों व जनप्रतिनिधि द्वारा दी गई तथा उनसे आवेदन भी भरवाया गया। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही उनका घर बनना भी शुरू हो गया। घर के सारे सदस्य बड़े उत्साह के साथ इस काम में लग गए। देखते ही देखते वह दिन भी नजदीक आ गया जब उनका अपना पक्का मान पूरी तरह बन कर तैयार हो गया। इस मकान में बिजली, पानी, रसोई की सुविधा भी है जिससे वह स्वस्थ, सुरक्षित एवं स्वच्छ जीवन यापन कर पा रही है। इसके लिए अनिता बाउरी का पूरा परिवार केन्द्र एवं राज्य सरकार की काफी सराहना करते हैं और उन्हें काफी धन्यवाद भी देते हैं कि यह योजना उन जैसे लोगों के लिए आज किसी वरदान से कम नहीं है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA